RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 69 | FRIDAY DATE 03-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**

दिक्कत होती है तभी, ठेके अगर अवैध।
दिक्कत कोई भी नहीं, ठेके हों यदि वैध।
ठेके हों यदि वैध, आपसे अब क्या बोलें।
परमीशन है पूर्ण, जहां जी चाहे खोलें।
कह साहिल कविराय, रहे सरकारें सोती।
ठेके हों यदि वैध, कभी ना दिक्कत होती।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किये जाने की जरुरत : मोदी

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा। श्री मोदी ने आज क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं सदी में प्रासंगिक और उत्तरदायी बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भव' है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने क्षमता निर्माण आयोग की स्थापना पर विचार रखते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से अनेक संस्थाएं विभिन्न उद्देश्यों के साथ कार्य कर रही थीं, फिर भी प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित निकाय की स्पष्ट आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, 'इसी सोच ने क्षमता निर्माण आयोग को जन्म दिया, जिसका उद्देश्य व्यवस्था में प्रत्येक कर्मयोगी को सशक्त बनाना है। ' आयोग को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए और आईजीओटी मिशन कर्मयोगी की सफल भूमिका को स्वीकार करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से आधुनिक, सक्षम, समर्पित और संवेदनशील कर्मयोगियों की एक टीम का निर्माण होगा। श्री मोदी ने इस पहल को विकसित भारत की व्यापक परिकल्पना से जोड़ते हुए सेवा तीर्थ के उद्घाटन के अवसर पर दिए गए अपने हाल के भाषण का उल्लेख किया और तीव्र आर्थिक विकास, आधुनिक अवसंरचना, प्रौद्योगिकी को अपनाने और कुशल कार्यबल की प्रचुरता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सार्वजनिक संस्थानों और लोक सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, 'आज का भारत आकांक्षी है, प्रत्येक नागरिक के सपने और लक्ष्य हैं और हम सभी का यह दायित्व है कि हम उन्हें पूरा करने के लिए अधिकतम सहयोग प्रदान करें।

## आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, सरहद के दोनों ओर की कार्रवाई : राजनाथ सिंह

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में आयोजित 'सैनिक सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' रखता है। वह इसके खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि चाहे 'उरी अटैक' के बाद हुई सर्जिकल स्ट्राइक हो, 'पुलवामा' के बाद की गई एयर स्ट्राइक हो या फिर अभी 'पहलगाम' की घटना के बाद किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' हो, हमने आतंकवाद के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद भारतीय सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को महज 22 मिनट में घुटनों पर ला दिया था। भारतीय सैन्य इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ किया गया, अब तक का यह सबसे बड़ा ऑपरेशन था। यह ऑपरेशन अभी तक बंद नहीं हुआ है। यदि कोई भी गलत हरकत सरहद पार से हुई, तो उसका मुंहतोड़ जवाब ही नहीं दिया जाएगा, बल्कि अभूतपूर्व कार्रवाई होगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज जिस तरह से समुद्री डोमेन की महत्ता बढ़ रही है, उसे ध्यान में रखते हुए हम अपने प्राचीन विजडम और आधुनिक टेक्नोलॉजी, दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हम 2047 तक भारत की नेवी को दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे ताकतवर नेवी बनाना चाहते हैं। आज के समय में समुद्री डोमेन, केवल व्यापार मार्ग या नौसैनिक शक्ति तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक विकास, तकनीकी नवाचार और रणनीतिक स्वायत्तता का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। आज भारत शिप शिपबिल्डिंग में दुनिया की किसी भी बड़ी शक्ति से कम नहीं है। इसी केरल में मौजूद कोचीन शिपयार्ड में भारत का सबसे पहला स्वदेशी रूप से विकसित एयरक्राफ्ट कैरियर बन कर तैयार हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का यह मानना है कि हमारे सैनिक और पूर्व सैनिक देश के मजबूत स्तंभ हैं। उनकी देखभाल करना, हमारा नैतिक कर्तव्य है।

## भवानीपुर में भाजपा की जीत से पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन तय : शाह

» कोलकाता, यूटर्न/ 02 अप्रैल।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट पर अगर भाजपा जीतती है, तो इससे पूरे राज्य में सत्ता परिवर्तन का रास्ता साफ हो जाएगा। भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है। अमित शाह ने सुवेंदु अधिकारी के नामांकन से पहले आयोजित रोड शो में कहा, 'भाजपा एक-एक सीट जीतते हुए 170 सीटों के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। लेकिन इसका एक शॉर्टकट है, अगर भवानीपुर के मतदाता यहां जीत सुनिश्चित कर दें, तो पूरे बंगाल में सत्ता बदल जाएगी।' अमित शाह ने याद दिलाया कि 2021 के चुनाव में नंदीग्राम सीट पर सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया था, हालांकि बाद में उन्होंने सरकार बना ली थी। उन्होंने कहा, 'इस बार मैंने सुवेंदु अधिकारी से कहा है कि वे नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों सीटों से चुनाव लड़ें। मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री दोनों को हार का सामना करना पड़ेगा।' उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव खत्म होने तक वह 16 दिनों तक अलग-अलग चरणों में पश्चिम बंगाल में रहेंगे और जनता से लगातार संवाद करेंगे। सुवेंदु अधिकारी के नामांकन के दौरान माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया, जब अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी का काफिला अलीपुर सर्वे बिल्डिंग की ओर बढ़ रहा था, तभी हरिश चटर्जी स्ट्रीट के पास तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के इकट्ठा होने की खबर सामने आई। यह इलाका ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के आवास के करीब है।

तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकताओं पर हमला किया, जिसमें एक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। काफिला आगे बढ़ने के बाद भाजपा समर्थकों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया।



## संक्षिप्त खबरें




### दिल्ली पुलिस ने वारदात की फिराक में घूम रहे बदमाश को किया गिरफ्तार, चाकू बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया (पीआईए) थाना पुलिस ने आईएसबीटी रोड नंबर 56, आनंद विहार के पास एक बदमाश को पकड़ लिया। आरोपी के पास एक अवैध बटन वाला चाकू और चोरी का एक मोबाइल फोन मिला। सड़क पर होने वाले अपराधों और हथियारों के अवैध कब्जे पर रोक लगाने के चल रहे प्रयासों के मद्देनजर पीआईए थाना पुलिस के स्टाफ को निगरानी बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में सक्रिय गश्त करने के निर्देश दिए गए थे। अपराध की प्रभावी रोकथाम के लिए पीआईए थाना पुलिस के एसएचओ के नेतृत्व में और मधु विहार एसीपी तिलक चंद्र बिष्ट के पर्यवेक्षण में एक विशेष पुलिस टीम तैनात की गई थी। 31 मार्च को दोपहर लगभग 1:50 बजे, एचसी सचिन और कॉन्सटेबल संदीप आईएसबीटी रोड नंबर 56 में आउट गेट के सामने के पास नियमित गश्त ड्यूटी पर थे। इस दौरान उन्होंने एक लड़के को संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति घबरा गया और गाजीपुर की ओर भागने की कोशिश करने लगा। उसके संदिग्ध आचरण को भांपते हुए पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई की और थोड़ी दूर तक पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उस संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध बटन वाला चाकू और एक मोबाइल बरामद हुआ। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी ने अपनी पहचान दीपक उर्फ हकलाना के रूप में बताई, जो झुग्गी महात्मा गांधी कैंप, शशि गार्डन (दिल्ली) का निवासी है और उसकी उम्र 28 वर्ष है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चाकू का इस्तेमाल करके चोरी/झपटमारी करने के इरादे से इलाके में घूम रहा था। पुलिस टीम की सतर्क गश्त और समय पर हस्तक्षेप के कारण होने वाले अपराध को सफलतापूर्वक रोक दिया गया। पीआईए थाना पुलिस में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

# कानपुर में किडनी तस्करी का भंडाफोड़, 5 डॉक्टर समेत 6 गिरफ्तार

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 02 अप्रैल। यहां किडनी के अवैध अंतर्राष्ट्रीय कारोबार का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में लगातार जुटी हुई है। अब तक इस मामले में अस्पताल संचालक पांच डॉक्टरों समेत आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि फरार लोगों में मेरठ के डॉ. अफजल डॉ. रोहित और वैभव अनुराग की तलाश में भी छापेमारी जारी है। जहां तक किडनी की आवाज ट्रांसप्लांट के खुलासे का सवाल है। इसका पदार्फाश 50,000 रुपये के विवाद ने करा दिया।

पुलिस के अनुसार किडनी रैकेट में गिरफ्तार छह लोगों में पांच डॉक्टर शामिल हैं। इस रैकेट में कम से कम 40 लोगों, जिनमें विदेशी भी शामिल हैं, की अवैध सर्जरी की गई थी। आरोप है कि किडनी 10 लाख रुपये में



खरीदी जाती थी और 60 लाख रुपये में बेची जाती थी, लेकिन उनका पदार्फाश एक छात्र के साथ हुए विवाद से हुआ, जिसने उन्हें अपनी किडनी बेची थी। यह विवाद 50,000 रुपये की मामूली रकम को लेकर था।

जानकारी के मुताबिक बिहार के समस्तीपुर के एमबीए छात्र आयुष ने पुलिस को किडनी रैकेट के बारे में सूचना दी थी। मेरठ में पढ़ने वाले आयुष ने आर्थिक तंगी के चलते आरोपियों से अपनी एक किडनी 10 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उनका दावा है कि उन्हें तय रकम से 50,000 रुपये कम यानी सिर्फ 9.5 लाख रुपये ही मिले।

फिलहाल सूचना मिलने के बाद जैसे ही जांच शुरू हुई और सुराग भी मिलने लगे। पुलिस को सबसे पहले शिवम अग्रवाल के बारे में पता चला, जो एक एम्बुलेंस चालक था और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को लुभाने के लिए टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता था। आयुष भी उसके जाल में फंस गया था। उसे 10 लाख रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन आरोपी ने कथित तौर पर मुजफ्फरनगर की एक मरीज पारुल तोमर के परिवार से 60 लाख रुपये की उगाही की थी, जिसे गुर्दे की सख्त जरूरत थी।

मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने कल्याणपुर क्षेत्र के तीन अस्पतालों, जिनमें आहूजा अस्पताल, प्रिया अस्पताल और मेड लाइफ अस्पताल शामिल हैं, पर संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, मेड लाइफ अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित पाया गया। पुलिस ने आयुष और पारुल को अस्पताल परिसर से बरामद किया। आयुष की हालत गंभीर होने के कारण उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार अब तक आहूजा अस्पताल के मालिक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, उनकी पत्नी डॉ. प्रीति आहूजा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह और शिवम अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन अभियुक्तों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि अभी भी फरार लोगों में डॉ. अफजल, डॉ. रोहित और वैभव अनुराग की तलाश जारी है।

## श्री अवधूत आश्रम कुरुक्षेत्र में रुद्रचंडी महायज्ञ विशाल भंडारे के साथ संपन्न



» **प्रमोद कौशिक**

थानेसर, यूटर्न/ 02 अप्रैल। श्री अवधूत आश्रम पिहोवा मार्ग कुरुक्षेत्र में परम पूज्य परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज की अनुकंपा से बड़े गुरु जी अवधूत जी महाराज के बोध दिवस एवं आश्रम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 29 मार्च से चल रहे रुद्रचंडी महायज्ञ में संत महात्माओं और श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डाली।

आज चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर महायज्ञ की पूजा पूर्ण आहुति परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज के साथ संत समाज द्वारा की गई उन्होंने यज्ञ एवं रुद्रचंडी महायज्ञ के बारे में बताया कि भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता है वो प्रसन्न होकर अपने भक्तों को भक्ति और मुक्ति प्रदान करते है।

यज्ञ में संत महामंडल की संरक्षक एवं अनेक राज्यों में स्थापित मठ मन्दिर आश्रमों की परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज एवं देश -विदेश से आए कई संत महात्माओं के साथ महंत श्रीमहंत बंशी पुरी, महंत गुरुभगत सिंह, महंत ब्रह्मा नन्द हरिद्वार, महंत नरेश पुरी,महंत ऋषभ देव नोएडा,महंत ईश्वर दास, वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक,महंत दीपक प्रकाश,स्वामी दर्शन दास,स्वामी देवी शरण दास, स्वामी गंगा दास,स्वामी मंगल नाथ, महंत राम मुनि हरिद्वार, महंत सुनील दास,महंत स्नेह दास,महंत वीर पुरी,महंत हरिओम परिवाजाक्र इत्यादि संत मौजूद रहे।

यज्ञ उत्तर भारत के प्रख्यात यज्ञाचार्य पण्डित सोम दत्त भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

## संत सत्यानन्द स्कूल में हनुमान जयंती पर हवन-पूजन के साथ नए सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ

» **हरियाणा, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



संत सत्यानन्द विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरवाला में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत हवन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार देखने को मिला।



हवन यज्ञ में विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आहुति देकर नए सत्र की सफलता, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की। इस दौरान बच्चों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली, जिससे पूरा परिसर जीवंत और प्रेरणादायक बन गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई, जो उनके संस्कारों और विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा सपरा ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के जीवन में नई आशाएँ, नए लक्ष्य और नई उपलब्धियाँ लेकर आए। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने मिलकर एक सफल, प्रगतिशील और उपलब्धियों से भरे शैक्षणिक वर्ष की मंगलकामनाएँ कीं।

# दिल्ली पुलिस की एएसबी सेल ने अवैध हथियार के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

दिल्ली के पूर्वी जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल (एएसबी) अवैध हथियारों के कब्जे और उपयोग में शामिल अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एएसबी सेल ने एक कुख्यात अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से संभावित आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सका और जिले में जन सुरक्षा को बढ़ावा मिला।

पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार के अनुसार, पूर्वी जिले में हाल ही में अवैध हथियारों से जुड़ी घटनाओं को देखते हुए एएसबी सेल को सक्रिय अपराधियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी सौंपा गई थी। इसके बाद एसआई अजय तोमर (प्रभारी एएसबी सेल/पूर्वी) के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों में सादे कपड़ों में लगातार खुफिया जानकारी



जुटाने के अभियान चलाया। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी बीच 31 मार्च को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली कि एक खतरनाक अपराधी अवैध हथियार लेकर खेलगांव रोड के पास आने वाला है। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने लोहे के पुल के पास एक जाल बिछाया। शाम लगभग 6:00 बजे मुखबिर द्वारा पहचान किए जाने पर संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी पहचान अर्जुन उर्फ सोनू निवासी त्रिलोकपुरी, दिल्ली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान अर्जुन के पास से एक अवैध देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

इसके बाद पुलिस स्टेशन मंडावली में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे दिसंबर 2025 में मंडोली जेल से जमानत पर रिहा किया गया था और उसने एक परिचित से हथियार लिया था। पुलिस ने बताया कि हथियार देने वाले की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के साथ-साथ व्यापक नेटवर्क का पदार्फाश करने का प्रयास जारी है। कक्षा पांच पास अर्जुन उर्फ सोनू आदतन अपराधी है और 15 पूर्व आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है।

## हरियाणा आर्मरेसलिंग में रणवीर सिंह सूदन व अनंतवीर सिंह सूदन ने जीता दूसरा स्थान

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 02 अप्रैल। हरियाणा राज्य आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के दो होनहार छात्रों रणवीर सिंह सूदन और अनंतवीर सिंह सूदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल और पूरे इलाके में गर्व और खुशी का माहौल है।




यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 मार्च 2026 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रणवीर सिंह सूदन ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में जोरदार मुकाबले खेलते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि अनंतवीर सिंह सूदन ने भी अपनी मजबूत पकड़ और बेहतरीन तकनीक के दम पर 60 किलोग्राम भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा आर्मरेसलिंग एसोसिएशन द्वारा पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई।

मीडिया से बातचीत करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके पिता नवनीत सिंह सूदन का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने संघर्ष के साथ हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता को दिया।

# मिलगेट मंडल में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कार्यकताओं में दिखा जोश और उत्साह

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 02 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविरों की कड़ी में हिसार के मिलगेट मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक कार्यप्रणाली की गहन जानकारी प्राप्त की। शिविर का आयोजन मिलगेट स्थित योग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल की अध्यक्षता में किया गया। प्रथम दिन से ही कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने प्रशिक्षण को लेकर गहरी रुचि दिखाई। मंडल महामंत्री पितांबर दहिया ने बताया कि शिविर में प्रदेश एवं जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पण, सेवा भाव और अनुशासन का संदेश दिया। वक्ताओं के प्रेरणादायक संबोधनों ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। दूसरे दिन चार सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में भाजपा के इतिहास एवं विकास विषय पर संदीप आजाद ने विस्तार से जानकारी दी। दूसरे सत्र में 'हमारी कार्य पद्धति' विषय पर वरिष्ठ नेता रणधीर धीरू ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यशैली समझाई। तीसरे सत्र में बूथ प्रबंधन विषय पर परवीन बंसल ने प्रभावी मार्गदर्शन दिया। चौथे और अंतिम सत्र में 'कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषय पर सुनीता डांगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। शिविर के दौरान पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण भी सुना, जिससे कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिली। शिविर के सफल आयोजन के बाद कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति नई प्रतिबद्धता, जोश और ऊर्जा स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी बरवाला रणधीर धीरू, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल सह प्रभारी नीरज देवी, जिला पार्षद ओपी माल्या, नगर निगम हिसार के पार्षद मास्टर जय प्रकाश एवं मनोहर लाल, जिला सचिव भतेरी देवी, जिला आईटी सह प्रमुख भाजपा कमल हंदूजा, पर्यवेक्षक संजय सेहरा, युवा नेता देवेन्द्र सैनी, महामंत्री आशीष जांगड़ा, मंडल सचिव मनजीत शर्मा, जसवीर, सरपंच पवन शास्त्री, पवन लडवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बाबा हनुमान जी को साहस, निष्ठा और धर्मपरायणता का प्रतीक माना जाता है : बजरंग गर्ग



हनुमान जयंती का त्योहार पूरे विश्व भर में धर्म प्रेमियों द्वारा अत्यंत उत्साह से मनाया जाता है- बजरंग गर्ग

» हरियाणा, यूटर्न/ 02 अप्रैल।

अग्रोहा धाम में हनुमान जयंती व पूर्णिमा के पावन पर्व पर भजन समारोह, छप्पन भोग, सवामणि, भंडारा व वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा हनुमान जी अपनी असाधारण शान्ति, ज्ञान और भगवान श्री राम के प्रति अटूट भक्ति के लिए जाने जाते थे। बाबा हनुमान जी को साहस, निष्ठा और धर्मपरायणता का प्रतीक माना जाता है। हनुमान जयंती का त्योहार पूरे विश्व भर में धर्म प्रेमियों द्वारा अत्यंत उत्साह से मनाया जाता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बाबा हनुमान जी भगवान शिव के रुद्र बताएं और पवन पुत्र माने जाते हैं जो अपनी असीम शक्ति, वृद्धि और निस्वार्थ राम भक्त के लिए प्रसिद्ध है। वह एक चिरंजीव है जिन्हें आठ सिद्धियों और नौ निधियां का ज्ञान है। वानर राज केसरी और माता अंजनी के पुत्र हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी है लेकिन उनके एक पुत्र मकरध्वज भी माने जाते हैं। बजरंग गर्ग ने बताया कि हनुमान जयंती पर कलाकारों द्वारा वीर हनुमाना अति बलवाना संकट हरियो जी मेरे तन में भी राम मेरे मन में भी राम पवनसुत विनती बारंबार, दुनिया चले ना श्री राम के बिना श्री राम ना चले हनुमान के बिना आदि भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कार्यक्रम में आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पवन गर्ग, अनंत अग्रवाल, ऋषि राज गर्ग, सत्यपाल अग्रवाल, अनिल सिंगला मंगाली वाला, आनंद गोयल, सीए आशीष सिंगला, राजेंद्र बंसल, अजय सिंगला, सतपाल सिंगला सोनीपत, अजय अग्रवाल सिरसा, गोविंद मंगल भोपाल, केशव गर्ग दिल्ली, संजय बंसल उड़ीसा, सरवन गर्ग बिहार, संजय गुप्ता राजस्थान, पंकज अग्रवाल राजकोट, पंजाब महिला प्रधान रेवा बंसल, हिसार महिला प्रधान रिम्पी गुप्ता आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

# सिम बाध्यता की सीमा दिसंबर 2026 तक बढ़ी

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 02 अप्रैल। सरकार ने कंपनियों के लिए सिम की बाध्यता से जुड़े निर्देशों पर अमल की समय सीमा दिसंबर 2026 तक बढ़ा दिया है! दूरसंचार विभाग से कोई आधिकारिक अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है !घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने यह जानकारी दी है ! इस कदम से व्हाट्सएप ऐप, टेलीग्राम जैसे ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म के साथ-साथ मेटा और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों और डिवाइस निर्माताओं को मदद मिलेगी जिन्होंने तकनीक चुनौतियों का हवाला देते हुए इस निर्देश को लागू करने को लेकर चिंता जताई थी सूत्रों ने यू टर्न को बताया कि सिम-बाइंडिंग के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने शुरूआत तो की थी, लेकिन छोटे स्तर पर , दूरसंचार विभाग ने 28 नवंबर 2025 को निर्देश जारी किए गए थे ! इसमें व्हाट्सएप ऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसी एप-आधारित संचार सेवाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि देश में एप आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने वाले प्लेटफार्म के लिए सिम बाइंडिंग हो !इसका मतलब था की ओटीटी ऐप को किसी डिवाइस पर चलाने के लिए हमेशा ही केवाईसी सत्यापित किसी फिजिकल सिम की आवश्यकता होगी ! इस निर्देश में पहचान या सेवा वितरण के लिए मोबाइल नंबरों का उपयोग भी अनिवार्य किया गया था !

## गेहूं की खरीद में होने वाली समस्याओं को लेकर मार्किट कमेटी चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 02 अप्रैल। अखिल भारतीय किसान सभा बापौली ने गेहूं की खरीद व किसानों की मुलभूत समस्याओं को लेकर सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र रावल से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन सौंपा ।

किसान प्रतिनिधि मंडल में ज्ञापन सौंपते समय जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल, उप प्रधान दिलावर सिंह राठी, सीटू मजदूर नेता प्रीतम सिंह रावल, तहसील सचिव राजवीर गिरी, जयपाल लंबरदार शामिल रहे। किसान प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा । कि महंगाई के अनुसार गेहूं के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी नहीं की गई है । फसल खरीद को लेकर सरकार द्वारा दिए गए नए दिशा निर्देश किसानों के लिए बड़ी समस्या बनकर खड़े हो गए हैं। इनको सरकार तुरंत प्रभाव से वापस ले। और बिना किसी शर्त के गेहूं फसल की खरीद की जाए। सरकार के विभाग की तकनीकी खराबी के चलते जिन किसानों की फसल का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है । मंडी प्रशासन किसानों की समस्याओं को लेकर हरकत में आए और किसानों की फसल रजिस्ट्रेशन तुरंत प्रभाव से करें ।

गेहूं खरीदने के बाद मंडी से उठान समय पर सुनिश्चित हो , ताकि बारिश के अंदर किसान की फसल बर्बाद ना हो। जब तक गेहूं का सीजन चले, तब तक किसान की फसल को खरीदना जारी रहे।

मंडी में रात और दिन के समय गेहूं की चोरी की घटनाओं रोकने के लिए मंडियों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जाए। मंडी के अंदर किसानों के विश्राम घर में स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था तथा सस्ती दरों खाना उपलब्ध हो।

## चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर ग्रेनेड हमला, सुरक्षा एजेंसियों में सतर्कता बढ़ी

चंडीगढ़, यूटर्न/ 02 अप्रैल। चंडीगढ़ में बुधवार शाम सेक्टर 37 स्थित भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश मुख्यालय पर ग्रेनेड हमला हुआ, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों में सतर्कता बढ़ गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमले में जीएसडी2पी हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया, जो मुख्य रूप से पाकिस्तान में निर्मित होता है। इस ग्रेनेड का असरदार दायरा लगभग 5इ10 मीटर है और इसके टुकड़े 20इ25 मीटर तक फैल सकते हैं, जिससे आसपास के लोगों के लिए गंभीर खतरा बनता है। घटना के बाद दो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। पहले वीडियो में एक व्यक्ति हेलमेट पहने हुए ग्रेनेड जैसी वस्तु फेंकता नजर आता है, जबकि दूसरा व्यक्ति घटना को रिकॉर्ड कर रहा है। फेंकने के कुछ पलों बाद दोनों घटनास्थल से भागते हैं और उसके तुरंत बाद धमाका होता है। दूसरे वीडियो में इन्हें सड़क के दूसरी ओर भागते हुए देखा गया। अधिकारी अभी आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों से और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

# एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हनुमान जयंती पर भव्य एवं धार्मिक हवन यज्ञ का आयोजन

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न 2 अप्रैल। श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य एवं धार्मिक हवन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना के लिए किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य पूरे श्रद्धाभाव के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ किया गया, जिसमें विद्वान पंडित जी द्वारा हवन की सभी धार्मिक विधियों का पालन करते हुए यज्ञ संपन्न कराया गया। हवन के दौरान वातावरण में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक रंग में रंग गया। सभी उपस्थित जनों ने हवन में आहुति डालकर भगवान श्री हनुमान जी से प्रार्थना की, वे सभी विद्यार्थियों को ज्ञान, बल, बुद्धि और साहस प्रदान करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान हनुमान जी शक्ति, समर्पण और सेवा के प्रतीक हैं, जिनसे विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने पूरे मनोयोग से हवन में भाग लिया और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्ति भावना को प्रकट किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को हनुमान जयंती के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। हवन के समापन के पश्चात सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का सफल आयोजन : डॉ मंजू शर्मा

» परमिंदर सिंह, यूटर्न/ 02 अप्रैल।



जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर मासिक स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना रहा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि डेरा प्रेम नगर (ज्योतिसर के समीप) में आयोजित चिकित्सा जागरूकता शिविर जिसमें डा. राजीव बीरवाल द्वारा कैंप ऋतुचार्य दिनचर्या व घरेलू नुस्खा के बारे में बताया गया और कैंप में 82 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट रीतू रानी द्वारा वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र, गांव जालखेड़ी में आयुष ग्राम कलाल माजरा के स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में डॉक्टर संतोष द्वारा आमजन को एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत दवाइयां आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट धर्मवीर सिंह द्वारा वितरित की गईं तथा योग सत्र का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में योग सहायक राय सिंह द्वारा आमजन को आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया और उनके बारे में बताया गया। इस शिविर में 56 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया उन्होंने कहा कि गांव बकाली में आयुष आरोग्य मंदिर खरकाली के स्टाफ द्वारा एक अन्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज हत्या के आरोप में पति के बाद आरोपी सास गिरफ्तार

**खोड़ा, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी सास थानाक्षेत्र के आजाद विहार निवासी श्यामश्री को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला ने बहू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व उसकी पिटाई की बात स्वीकार की है। मामला 21 मार्च का है जब आरोपी की पुत्रवधू प्रियंका का शव फंदे से लटका मिला था। 22 मार्च को पुलिस ने मायके पक्ष की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रियंका की शादी एक वर्ष पूर्व आजाद विहार निवासी नीरज से हुई थी। प्रियंका के परिजनों का आरोप है कि पति व ससुराल के अन्य लोग दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। हालांकि पुलिस ने पति को पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट के पेश कर दिया था। इसके बाद बुधवार को आरोपी सास श्यामश्री को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सास ने बताया कि शादी के बाद हर दिन घर पर छोटी-छोटी बातों को लेकर कलह होता था।

### ड्यूटी से लौट रहे कर्मी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-10 डी निवासी निजी कंपनी कर्मी लोकेंद्र सिंह चौहान सड़क हादसे में घायल हो गए। घटना 16 मार्च की रात को हुई। सूचना पर पहुंची उनकी पत्नी नेहा कुमारी अस्पताल लेकर गईं। महिला की तहरीर पर 31 मार्च की रात पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। पीड़ित नेहा कुमारी ने बताया कि 16 मार्च को उनके पति कार्यालय से घर लौट रहे थे। वसुंधरा सेक्टर-10 ए के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े थे। राहगीरों ने किसी तरह उनके सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंची तब वहां भीड़ एकत्र थी और पुलिस कर्मी अस्पताल लेकर जाने की तैयारी में थे। वह पति को अस्पताल लेकर पहुंची। उन्होंने बताया कि तीमारदारी के बाद समय मिलने पर पुलिस से शिकायत की है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**लोनी, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** थानाक्षेत्र स्थित गढ़ी जस्सी गेट के सामने बने फ्लाईओवर पर 28 मार्च को सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक बॉर्डर थानाक्षेत्र के राजीव गार्डन कॉलोनी का निवासी देव वर्मा थे। हादसा उस समय हुआ जब देव बाइक से अपने घर लौट रहे थे। उनके पिता गोपाल वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक पर एक अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है गोपाल वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा देव ट्रॉनिका सिटी में कुछ काम से गया था।

# वैशाली में 25 साल पुरानी पानी की टंकी को किया ध्वस्त

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



वैशाली सेक्टर-5 में क्षतिग्रस्त पानी की टंकी बुधवार को ध्वस्त कर दी गई। नगर निगम की ओर से एक सप्ताह पहले इसकी घोषणा की गई। नगर निगम की टीम बुधवार सुबह ही टंकी पर पहुंच गई। आस-पास की सभी दुकानों को बंद कराया गया और मकानों के भी खिड़की दरवाजे बंद करा दिए गए। दोपहर 2:15 बजे निगम ने उसे जमींदोज कर दिया।

करीब दो दशक पूर्व वैशाली को जीडीए ने नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया था। तभी से यह नगर निगम के पास है। इसी वर्ष एक फरवरी को अचानक टंकी का ऊपरी हिस्सा टूट गया था। हालांकि कोई चोटिल नहीं हुआ। इस टंकी से करीब 15 हजार की आबादी को पानी आपूर्ति किया जाता था। टंकी के क्षतिग्रस्त होने पर पानी के लिए लोग प्रभावित होने लगे। नगर निगम ने पिछले दिनों लोगों को पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई और अब सुबह-शाम पंप चलाकर सप्लाई शुरू कर दी। एक माह पूर्व निगम ने टंकी को ध्वस्त करने का टेंडर किया था। बुधवार को नगर निगम की टीम की मौजूदगी में एजेंसी ने टंकी को जमींदोज कर दिया। वैशाली निवासी रोहित रावत ने बताया कि ध्वस्तीकरण के दौरान सभी के खिड़की दरवाजे बंद करा दिए गए थे।

# किसान के हकों के लिए इनेलो पार्टी का संघर्ष जारी : कपिल काबड़ी

» **निर्मल सिंह**



पानीपत, यूटर्न/ 02 अप्रैल। इनेलो सुप्रीमो किसान केसरी चौ. अभयसिंह चौटाला के निर्देशानुसार 'किसान कष्ट निवारण केंद्र' अभियान के तहत अनाज मंडी बाबरपुर में एक विशेष महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इनेलो पार्टी ने पहल करते हुए अनाज मंडी बाबरपुर ( पानीपत) में 'किसान कष्ट निवारण केंद्र' की शुरुआत की। इनेलो के जांबाज पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने न केवल अन्नदाताओं की पीड़ा सुनी, बल्कि उनके समाधान के लिए अंतिम सांस तक लड़ने का संकल्प भी लिया।

इनेलो पार्टी एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल काबडी ने सरकार की बेरुखी पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने के दावे करने वाली सरकार ने एमएसपी पर ऐसी जटिल और बेतुकी शर्तें थोप दी हैं, कि किसान अपनी ही मेहनत का हक पाने के लिए अब दर-दर भटकने को मजबूर है। 'जो किसान खून-पसीना एक कर देश का पेट भरता है, आज उसे ही सिस्टम की फाइलों और पोर्टल की जटिलताओं में उलझाकर अपमानित किया जा रहा है। इनेलो पार्टी किसानों के प्रति सरकार के इस रवैये को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

इनेलो पार्टी सदैव गरीब , किसान, मजदूर और आमजन के हितों की प्रहरी रही है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ नहीं झुकेंगे। इनेलो पार्टी का यह जनसेवा का कारवां इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा।

# बड़ा सवाल : दिल्ली में बसों की संख्या में इजाफा, फिर भी 10 लाख मुसाफिर गायब

## कोविड महामारी के बाद से आई गिरावट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



दिल्ली में बसों पर सरकार का खर्च लगातार बढ़ रहा है, लेकिन यात्रियों की संख्या उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। उल्टा, कोविड के बाद से बसों में सफर करने वालों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद बस सेवा लोगों की पहली पसंद क्यों नहीं बन पा रही। कोविड से पहले राजधानी में डीटीसी और क्लस्टर बसों में रोजाना औसतन करीब 40 से 45 लाख यात्री सफर करते थे। यह संख्या दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की ताकत मानी जाती थी। लेकिन अब यह घटकर लगभग 30 से 35 लाख के बीच सिमट गई है। यानी हर दिन करीब 8 से 10 लाख यात्री बसों से गायब हो चुके हैं।

दिल्ली के आर्थिक सर्वे 2025-26 के मुताबिक ट्रांसपोर्ट सेक्टर को सबसे ज्यादा 11,964 करोड़ का बजट दिया गया है।

इसके अलावा डीटीसी के घाटे को पूरा करने के लिए अलग से हजारों करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। लेकिन इन भारी निवेशों के बावजूद बसों में यात्रियों की संख्या का स्थिर या कम रहना यह संकेत देता है कि समस्या कहीं गहरी है। ग्राउंड पर स्थिति बताती है कि कई रूट्स पर बसों की फ्रीक्वेंसी कम है, टाइमिंग अनिश्चित है और लास्टमाइल कनेक्टिविटी कमजोर बनी हुई है।

### राजधानी में सबसे ज्यादा ई-बसें

दिल्ली में बसों के बेड़े (फ्लीट) का विस्तार और इलेक्ट्रिक बसों की एंट्री इस पूरी कहानी को और दिलचस्प बनाती है। कोविड से पहले 2018-19 में डीटीसी और क्लस्टर मिलाकर कुल बसों की संख्या करीब 5,500 से 6,000 के बीच थी। इसके बाद सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों पर जोर देते हुए बेड़े को बढ़ाना शुरू किया। 2023-24 से 2024-25 के बीच कुल बसों की संख्या बढ़कर लगभग 7,000 से 7,500 के आसपास पहुंच गई, जिसमें बड़ी संख्या इलेक्ट्रिक बसों की भी शामिल है। दिल्ली देश के उन शहरों में शामिल हो गई है जहां सबसे तेजी से इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया गया है। वर्तमान में दिल्ली में 4338 ई-बसें हैं जो देश के कई शहरों में चल रही ई-बसों से कहीं अधिक हैं।

### गर्मी और फसल के सीजन के दौरान आगजनी की घटनाओं से निपटने की तैयारियां पूरीः अमन कुमार

» **अश्विनी वालिया**



कुरुक्षेत्र, 2 अप्रैल। डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि गर्मी और फसल के सीजन के दौरान अग्नि संबधित दुर्घटनाएं अकसर बढ़ जाती हैं, जिसको मद्देनजर रखते हुए अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दमकल विभाग कुरुक्षेत्र के अधीन दमकल केंद्रों को आदेश दिये हैं कि जिले में उपस्थित दमकल केंद्र से अधिक दूरी वाले एरिया में अस्थायी दमकल केंद्र स्थापित किया जाए तथा स्टाफ सहित दमकल गाड़ी रखवाना सुनिश्चित किया जाए। इससे समय रहते अग्नि संबंधित दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि थानेसर दमकल केंद्र के अलावा ज्योतिसर, दयालपुर और धुराला में अस्थायी दमकल केंद्र स्थापित किए गए हैं और पिहोवा दमकल केंद्र से इस्माइलाबाद व लाड़वा दमकल केंद्र से बाबैन अस्थायी दमकल केंद्र बनाए गए हैं। फसल के सीजन को मद्देनजर रखते हुए स्टाफ को 12 - 12 घंटे ड्यूटी करने के आदेश दिए गए हैं।

डीएमसी अमन कुमार ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने खेत में उपस्थित फानों में आग ना लगाएं। ट्रांसफार्मर या बिजली के खंबों के नजदीक के एरिया को साफ रखें। इससे बिजली स्पार्किंग आदि से आग लगने का खतरा ना रहे और पकी हुए फसल के नजदीक धूम्रपान ना करें। उन्होंने कहा कि जलती हुई सिगरेट या बीड़ी को फसल के नजदीक ना फेकें।

# मुंह दबाकर चालक की हत्या, पत्नी हिरासत में

» **खोड़ा, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

थानाक्षेत्र स्थित शंकर विहार गली नंबर एक निवासी विजेंद्र (30) का शव मंगलवार रात करीब नौ बजे घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। विजेंद्र के बड़े भाई बबलू ने पुलिस को घटना की सूचना दी। भाई ने विजेंद्र की पत्नी सोनिया उर्फ हिना पर हत्या का आरोप लगाया है। बुधवार देर शाम को पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। विजेंद्र शंकर विहार स्थित किराये के मकान में पत्नी सोनिया उर्फ हिना, छह व आठ वर्षीय बेटों, मां, छोटे भाई गोपाल और छोटी बहन के साथ रहते थे। उनके दो अन्य भाई बबलू और वीरेंद्र भी पड़ोस में ही रहते हैं। विजेंद्र मालवाहक वाहन पर चालक थे। उनके चचेरे भाई हरीश राजपूत ने बताया कि 31 मार्च की रात विजेंद्र की मां कीर्तन में गई थीं। घर के बाकी लोग भी बाहर गए हुए थे। जब सभी घर लौटे तब विजेंद्र शव चारपाई पर मिला। एक अप्रैल को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। विजेंद्र के भाई बबलू ने उसकी पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक के भाई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# ठेले वालों पर संकट : सिलिंडर के बगैर चूल्हा हुआ ठंडा तो बदला काम, अब अपनाया 'नो-गैस' बिजनेस मॉडल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



राजधानी की सड़कों पर अब सुबह-शाम पराठों की खुशबू, पूड़ी-सब्जी की भाप और छोले-भटूरे की वह चिर-परिचित महक फीकी पड़ गई है। इसकी वजह जायके में कमी नहीं, बल्कि उन चूल्हों का बुझना है जिन पर ये व्यंजन पकते थे। रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत और आसमान छूती कीमतों ने छोटे रेहड़ी-पटरी वालों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है।

नतीजतन, कई ठेले वालों ने भारी मन से अपना काम बदल लिया है। जो हाथ तवे पर पराठे सेंकते थे, अब वही मजबूरी में फल काटकर जूस बेच रहे हैं। शहर के कई इलाकों में अब छोले-भटूरे के ठेलों की जगह शिकंजी, चाट या सूखे स्नैक्स के स्टॉल नजर आने लगे हैं, जिनमें गैस की जरूरत नहीं पड़ती।

ठेला विक्रेताओं का गणित अब पूरी तरह बिगड़ चुका है। सामान्यतः एक ठेले पर एक सिलेंडर एक सप्ताह तक चल जाता है। कुछ समय पहले तक जो सिलेंडर 1000 से 1500 में मिल जाता था, अब उसकी कीमत ब्लैक मार्केट में 3000 से 4000 के बीच पहुंच गई है। यानी हर हफ्ते 2500 का अतिरिक्त बोझ। महीने के हिसाब से देखें तो एक छोटे दुकानदार की जेब पर 10,000 की सीधी चपत लग रही है, जो अक्सर उनकी कुल मासिक बचत से भी ज्यादा होती है। एक ठेला संचालक ने बताया, कमाई भले ही आधी रह गई हो, लेकिन 4000 का सिलेंडर खरीदकर खाना बेचना अब घाटे का सौदा है।

**कीमतें बढ़ाई तो घट गए ग्राहक** : ठेला विक्रेताओं ने बताया कि महंगा सिलेंडर खरीदकर अपने सामन की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी की गई, ताकि इसकी भरपाई हो सके। लेकिन इसका असर सीधा ग्राहकों की संख्या पड़ा है। प्रतिदिन आने वाले ग्राहकों में कमी होने लगी। इससे काफी नुकसान हुआ। ऐसे में नो गैस वाला बिजनेस मॉडल पर काम शुरू किया। पहले मैं पराठे और पूड़ी-सब्जी बेचता था, लेकिन गैस सिलिंडर मिलना मुश्किल हो गया। जो मिलता भी है, वह बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए मजबूरी में गन्ने का जूस शुरू किया। कमाई पहले से कम है, लेकिन अब गैस की चिंता नहीं रहती।

# केंद्र सरकार का बड़ा फैसला: महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह माफ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन में आई बाधाओं के बीच महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून 2026 तक पूरी कस्टम ड्यूटी छूट देने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कदम एक अस्थायी और लक्षित राहत के रूप में उठाया गया है, ताकि देश में जरूरी पेट्रोकेमिकल कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे, डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर लागत का दबाव कम हो और सप्लाई स्थिर बनी रहे। सरकार के अनुसार, इस छूट का फायदा उन कई सेक्टर्स को मिलने की उम्मीद है जो पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर निर्भर हैं, जैसे प्लास्टिक,



पैकेजिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, केमिकल, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स।

सरकार का कहना है कि इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलने की उम्मीद है। इस सूची में शामिल प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों में एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, मेथनॉल (मेथाइल अल्कोहल), आइसोप्रोपिल अल्कोहल, मोनोएथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) और फिनोल आदि शामिल हैं। इसके अलावा, एसिटिक एसिड, विनाइल एसीटेट मोनोमर, प्योरिफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए), अमोनियम नाइट्रेट, एथिलीन के पॉलिमर (जिसमें एथिलीन-विनाइल एसीटेट शामिल है), एपॉक्सी रेजिन, फॉर्मेल्डिहाइड, यूरिया फॉर्मेल्डिहाइड, मेलामाइन फॉर्मेल्डिहाइड और फिनोल फॉर्मेल्डिहाइड जैसे उत्पाद भी इस सूची में शामिल हैं।

ईरान युद्ध और समुद्री व्यापार पर उसके असर को देखते हुए केंद्र सरकार ने पिछले महीने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आरओडीटीईपी (निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट) योजना के तहत सभी पात्र निर्यात उत्पादों के लिए दरें और वैल्यू कैप 23 मार्च से बहाल करने का भी फैसला किया था।

इस कदम का उद्देश्य उन भारतीय निर्यातकों को समय पर मदद देना है, जो बढ़ती माल ढुलाई लागत और युद्ध से जुड़े व्यापारिक जोखिमों का सामना कर रहे हैं, खासकर खाड़ी और पश्चिम एशिया के समुद्री मार्गों में आई बाधाओं के कारण। वहीं, सरकार ने यह भी बताया कि भारत के पास कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, एलपीजी और एलएनजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जिससे अल्पकालिक मुश्किलों का आसानी से सामना किया जा सकता है। साथ ही, देश विभिन्न वैश्विक आपूर्तिकताओं से ऊर्जा की आपूर्ति जारी रखे हुए है।

# भारतीय रुपया दबाव में, चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सबसे खराब प्रदर्शन

### रुपए की 97 प्रति डॉलर तक गिरने की आशंका

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय रुपया लगातार दबाव में बना हुआ है। एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, यदि हालात नहीं सुधरे तो रुपया 97 प्रति डॉलर के स्तर तक गिर सकता है, हालांकि अल्पावधि में मामूली सुधार के संकेत भी मिल रहे हैं। भारतीय मुद्रा में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2011-12 के बाद सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है। इस अवधि में रुपये में करीब 9.85 प्रतिशत की कमजोरी आई है, जिसका मुख्य कारण विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी निकासी रहा है। मार्च महीने में स्थिति और बिगड़ गई, जब कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज हुई। रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के बावजूद रुपया हाल ही में 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद 94.81 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल आपूर्ति से जुड़े जोखिम और बढ़ते आयात बिल के चलते डॉलर की मांग मजबूत बनी रहेगी, जिससे रुपये पर दबाव जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का भुगतान संतुलन वित्त वर्ष 2026 में 35 अरब डॉलर के घाटे में रह सकता है। चालू खाते और पूंजी खाते दोनों में बढ़ते दबाव से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में सख्ती और उभरते बाजारों से पूंजी निकासी भी रुपये के लिए नकारात्मक संकेत दे रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### निजी तेल कंपनी शेल इंडिया ने पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी बढ़ोत्तरी की

**मुंबई, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** एलपीजी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर एक और बड़ा झटका लगा है। निजी फ्यूल रिटेलर कंपनियां अब तेजी से दाम बढ़ा रही हैं। शेल इंडिया ने 1 अप्रैल से पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम में भारी बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले नायरा एनर्जी भी कीमतें बढ़ा चुकी है। कंपनियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी रहने से उन्हें नुकसान हो रहा था, इस कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद बेंगलुरु में पेट्रोल की कीमत में 7.41 रुपये प्रति लीटर बढ़ गई है। इसके बाद सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पेट्रोल 129.85 रुपये प्रति लीटर हो गया है। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में टैक्स के कारण कीमतों में थोड़ा अंतर देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ने वाला है, खासकर उन लोगों पर जो रोजाना वाहन का इस्तेमाल करते हैं।

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने दिल्ली में अपने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। एक्सपी 100 पेट्रोल की कीमत अब 160 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 149 रुपए थी। यह हाई-ऑक्टेन फ्यूल मुख्य रूप से लग्जरी कारों और हाई-परफॉर्मेंस बाइकों में इस्तेमाल किया जाता है, इससे इंजन की क्षमता बेहतर होती है। इसी तरह कंपनी ने एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल (प्रीमियम डीजल) की कीमत भी बढ़ा दी है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 92.99 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 91.49 रुपए थी। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद, भारत के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। तेल कंपनियों ने ऑटो फ्यूल की कीमतों को स्थिर रखा है, जबकि अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अभी भी 94.72 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर है। इस बीच, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 195.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई है, जबकि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतें दोगुने से ज्यादा बढ़कर 2 लाख रुपए प्रति किलोलीटर के पार पहुंच गई हैं।

# गिफ्ट निफ्टी ने मार्च में दर्ज किया अपना अब तक का सबसे अधिक 129 .80 अरब डॉलर का टर्नओवर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

गिफ्ट निफ्टी ने मार्च में अपना अब तक का सबसे अधिक 129.80 अरब डॉलर का टर्नओवर दर्ज किया है, इससे पहले सबसे अधिक टर्नओवर अक्टूबर 2025 में 106.22 अरब डॉलर का दर्ज किया गया था। यह जानकारी एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएक्स) की ओर से गुरुवार को दी गई।

एक्सचेंज ने बताया कि मार्च में मासिक ट्रेडिंग वॉल्यूम 28 लाख कॉन्ट्रैक्ट्स के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया, जिसने अप्रैल 2025 में बने 21 लाख कॉन्ट्रैक्ट्स के पिछले उच्चतम स्तर को पीछे छोड़ दिया।

गिफ्ट निफ्टी की मार्च की यह उपलब्धि भारत से जुड़े डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट के लिए लगातार बन रहे रिकॉर्डों में नई कड़ी है।

इससे पहले फरवरी में, गिफ्ट निफ्टी ने 4,57,989 कॉन्ट्रैक्ट्स के साथ अपना अब तक का सबसे अधिक एक दिवसीय ट्रेडिंग



वॉल्यूम दर्ज किया था, जिसका एक दिवसीय कारोबार 23.48 अरब डॉलर था - जो 23 जनवरी, 2024 को बने पिछले एक दिवसीय रिकॉर्ड 22.88 अरब डॉलर से अधिक था।

3 जुलाई, 2023 को पूर्ण पैमाने पर परिचालन शुरू होने के बाद से, मार्च 2026 तक गिफ्टी निफ्टी पर डेरिवेटिव्स का संचयी व्यापार वॉल्यूम 63.37 मिलियन कॉन्ट्रैक्ट्स से अधिक रहा है, जिसका कुल कारोबार 2.92 ट्रिलियन डॉलर था। तुलनात्मक रूप से, फरवरी 2026 तक संचयी वॉल्यूम 60.05 मिलियन कॉन्ट्रैक्ट्स का था, जिसका कारोबार 2.76 ट्रिलियन डॉलर था, जो वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में तीव्र वृद्धि को दशार्ता है।

एनएसईआईएक्स, जिसकी गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों में 99.7 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी है, की स्थापना 5 जून, 2017 को हुई थी और इसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

यह एक्सचेंज विविध उत्पाद पोर्टफोलियो प्रदान करता है जिसमें भारतीय सिंगल स्टॉक डेरिवेटिव्स, इंडेक्स डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और डिपॉजिटरी रिसीट्स शामिल हैं, साथ ही इक्विटी शेयर, आरईआईटी, इनविट्स और ईएसजी डेट सिक्योरिटीज जैसे प्राथमिक बाजार उत्पाद भी आईएफएससीए लिस्टिंग विनियम, 2024 के तहत उपलब्ध हैं।

# ग्राहकों की पहली पसंद बनी ये 5 कॉम्पैक्ट एसयूवी



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** बीते कुछ वर्षों में सड़क हादसों को लेकर बढ़ती जागरूकता और बेहतर टेक्नोलॉजी की उपलब्धता के चलते लोग ऐसी कारों को तरजीह दे रहे हैं, जो मजबूत बॉडी और एडवांस सेफ्टी फीचर्स से लैस हों। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में कई ऐसे मॉडल सामने आए हैं जिन्हें 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है और ये बाजार में मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। टाटा नेक्सन इस सूची में सबसे आगे है, जिसे ग्लोबल एनकैप और भारत एनकैप दोनों से 5-स्टार रेटिंग मिल चुकी है। इसमें 6 एयरबैग, 360 डिग्री कैमरा और लेवल-2 अडास जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सड भी सेफ्टी के मामले में काफी मजबूत मानी जा रही है, जिसमें ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग और लेन कीप असिस्ट जैसी तकनीक मिलती है। स्कोडा कुशाक अपनी मजबूत बॉडी और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, मल्टी-कोलिजन ब्रेक जैसे फीचर्स के कारण सुरक्षित ड्राइविंग का भरोसा देती है। वहीं, टाटा पंच माइक्रो एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत विकल्प है, जिसमें एबीएस, ईबीडी और ब्रेक स्वे कंट्रोल जैसे जरूरी सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। फॉक्सवैगन टाइगुन भी अपनी शानदार बिल्ड क्वालिटी और 5-स्टार रेटिंग के चलते ग्राहकों के बीच लोकप्रिय है।

# बाजार में रीफर्बिश्ड फोन की मांग बढ़ी, खर्च के प्रति उपभोक्ता सतर्क

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** देश के स्मार्टफोन बाजार में रीफर्बिश्ड फोन की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक अनिश्चितता की वजह से प्रतिकूल व्यापक आर्थिक हालात के बीच नए फोनों की कीमतें बढ़ रही हैं और खर्च के प्रति उपभोक्ता सतर्क हैं। इसके शुरूआती संकेत पहले से ही दिखाई देने लगे हैं। एक रिसर्च ने कहा था कि देश में स्मार्टफोन की बिक्री इस साल के पहले नौ हफ्तों में 9 फीसदी घट गई, क्योंकि पिछले चार से पांच महीने में मेमरी की लागत चार गुना हो गई है। इससे फोन की कीमतें 15 से 20 फीसदी तक बढ़ गई हैं। कुछ मॉडल तो 30 फीसदी तक महंगे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2026 में डीलरों को भेजी जाने वाली कुल खेपों में साल 2025 की तुलना में 10 फीसदी की गिरावट आ सकती है और इसके 13.9 करोड़ रहने का अनुमान है। साल 2025 में वर्ष 2024 की तुलना में खेपों में कोई खास अंतर नहीं आया। रिपोर्ट के मुताबिक रुपए में कमजोरी और पश्चिम एशिया में संघर्ष से व्यापक आर्थिक दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। अगर यह एक महीना या उससे ज्यादा तक जारी रहा तो अनुमानों में और कटौती हो सकती है, क्योंकि मार्च से उपभोक्ताओं की खरीद का मनोबल कमजोर होने लगा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश ब्रांडों ने हाल के हफ्तों में कीमतों में वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाला है।

# 2026 शाओमी एसयू 7 इलेक्ट्रिक कार ने मचाई हलचल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

भारतीय कार बाजार में 2026 शाओमी एसयू7 इलेक्ट्रिक कार ने आते ही हलचल मचा दी है। इस ईवी को 19 मार्च को बाजार में पेश किया था। शुरूआती हफ्ते में ही कंपनी 4 से 5 हजार यूनिट्स ग्राहकों तक पहुंचाने में सफल रही है। अपनी लांचिंग के महज चार दिन बाद 23 मार्च से इसकी डिलीवरी शुरू कर दी गई।

इस बात की जानकारी कंपनी के फाउंडर और सीईओ लेई जून ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी अब डिलीवरी प्रक्रिया को और तेज करने की दिशा में काम कर रही है, जिसके लिए एडवांस प्रोडक्शन और रेडी-टू-स्टॉक वाहनों पर जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लॉन्च के सिर्फ 34 मिनट के भीतर ही इस कार को करीब 15 हजार ऑर्डर मिल



गए थे। डिजाइन की बात करें तो एसयू 7 अपने फास्टबैक स्टाइल को बरकरार रखते हुए कई नए एक्सटीरियर अपडेट्स के साथ आई है।

इसमें मिलीमीटर-वेव रडार से लैस नया फ्रंट ग्रिल और 'वॉटरड्रॉप' हेडलाइट्स दी गई हैं, जिनकी हाई बीम रोशनी 400 मीटर तक जाती है। कार में नए आकर्षक रंग विकल्प भी जोड़े गए हैं, जिससे इसकी कुल कलर रेंज 9 हो गई है।

# टोयोटा ने नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-बेला' से उठाया पर्दा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

कार निमार्ता कंपनी टोयोटा ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-बेला' से पर्दा उठाया है, जिसे ई विटारा का रीबैज वर्जन माना जा रहा है। इसमें 10.25-इंच डिजिटल क्लस्टर, पैनोरमिक रूफ और जेबीएल ऑडियो सिस्टम जैसे फीचर्स मिलेंगे। यह दो बैटरी विकल्पों के साथ आएगी, जिनकी रेंज 440 किमी और 543 किमी तक हो सकती है। वहीं, टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय सिएरा को इलेक्ट्रिक अवतार में वापस ला रही है। इस कार में मॉडर्न डिजाइन के साथ एडब्ल्यूडी और आरडब्ल्यूडी दोनों विकल्प मिलेंगे। 65 केडब्ल्यूएच और 75केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ यह एसयूवी लंबी दूरी और एडवेंचर के शौकीनों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। वियतनाम की कंपनी विनफास्ट भी वीएफ 3 के जरिए भारत के किफायती ईवी बाजार में एंट्री करने जा रही है। यह छोटी लेकिन दमदार हैचबैक होगी, जिसे एसयूवी जैसा लुक दिया गया है और इसमें 326 किमी तक की रेंज मिलने



की उम्मीद है। किया भी अपनी साइरोस एसयूवी का इलेक्ट्रिक वर्जन लाने की तैयारी में है, जिसमें प्रीमियम फीचर्स और 42 से 49 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक मिलने की संभावना है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# यज्ञ तो कहीं तिलक लगाकर हुई शैक्षिक सत्र की शुरूआत

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूआत बुधवार को धूमधाम से की गई। डीपीएस राजनगर में यज्ञ संपन्न कर सत्र की शुरूआत हुई। विद्यालयों को फूल माला से सजाया गया, रंगोली भी बनाई गई। पहले दिन स्कूल पहुंचने वाले बच्चों का रोली-चंदन का टीका और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया जाएगा।



स्वागत से बच्चे भी गदगद रहे। छात्रों को शिक्षकों ने उपहार स्वरूप पेन दिया। प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों ने छात्र-छात्राओं से मेहनत से पढ़ाई कर ऊंचा मुकाम हासिल करने की बात कही। स्कूल चलो अभियान की भी शुरूआत की गई।

बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ। करहैड़ा स्थित विद्यालय से मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सुदृढ़ नींव है। हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताते हुए कहा कि जब एक बच्चा शिक्षित होता है, तो एक परिवार, समाज और पूरा राष्ट्र सशक्त होता है। बीएसए ने स्कूल चलो अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

**सत्र के पहले दिन स्टेशनरी की दुकानों पर भी पुस्तकों की जानकारी के लिए लगी भीड़**

शैक्षिक सत्र के पहले दिन विद्यालयों में विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकों की जानकारी दी गई। ताकि विद्यार्थी उन्हीं पुस्तकों को खरीदें। इसके बाद विद्यालय से निकले विद्यार्थी बुक डिपो पर पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकों की उपलब्धता और दरों की जानकारी के लिए भीड़ लगी रही।



# वर्कशॉप में जोरदार धमाका, उड़ी छत; तीन घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** एसजीएम नगर के एफ ब्लॉक स्थित एक वर्कशॉप में गुरुवार सुबह अचानक जोरदार धमाका होने के बाद आग लग गई। धमाका इतना तेज था कि वर्कशॉप की छत तक उड़ गई और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। घटना में करीब तीन लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सेक्टर-21डी चौकी पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# वीएमएस स्क्रीन सफर को बनाएगी आसान, जाम के बारे में बताएगी; दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने किया नया इंतजाम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

अगर आप आईजीआई एयरपोर्ट या आसपास जा रहे हैं तो आगे लगे वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम (वीएमएस) स्क्रीन देखिए और जाम में फंसने से बचिए। इन स्क्रीन पर मार्ग पर आगे लगे जाम व अन्य परेशानी आदि के बारे ताजा जानकारी उपलब्ध होगी। इसे देखकर अगर आप आगे का सफर तय करेंगे तो जाम में फंसने से बच कर अपना समय और ईंधन दोनों बचा सकेंगे। दिल्ली यातायात पुलिस की नई दिल्ली रेंज ऐसा कदम उठाने वाली पहली पुलिस है।

यातायात पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त शोभित सक्सेना ने बताया कि यातायात पुलिस ने डायल के सहयोग से शुरूआती चरण में तीन प्रमुख स्थानों पर 3 मोबाइल वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम (वीएमएस) लगाए गए हैं। इन इलेक्ट्रॉनिक साइनबोर्ड का प्रभावी ढंग से उपयोग करके ट्रैफिक से जुड़ी ताजा जानकारी, सड़क सुरक्षा सलाह, इंतजार का समय और ट्रैफिक के प्रवाह के बारे में जागरूकता संदेश प्रसारित



किए जा रहे हैं। यह डायनामिक डिस्प्ले सिस्टम सड़क उपयोगकर्ताओं को काफी राहत देगा। वाहन चालक आगे के मार्ग के बारे में स्क्रीन से अपडेट ले सकेंगे। इस तरह वह जाम में फंसने से बच जाएंगे। माना जा रहा है कि यात्रियों की सुविधा और ट्रैफिक मैनेजमेंट में सुधार होता है। दिल्ली यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये दिल्ली में जगह-जगह वीएमएस स्क्रीन लगाना इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएम) का एक हिस्सा है। मगर ये अभी तक साकार नहीं हो सका है, मगर नई दिल्ली रेंज पुलिस उपायुक्त शोभित सक्सेना ने ये अनूठी पहल कर ये कदम उठाया है। दिल्ली यातायात पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीएमएस जल्द ही दिल्ली में जगह-जगह लगाए जाएंगे।

**उठाए जा रहे हैं विशेष कदम:** पुलिस उपायुक्त शोभित सक्सेना ने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट सर्कल की ट्रैफिक यूनिट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने, गाड़ियों की आवाजाही को सुचारू बनाने और अपने अधिकार क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ एनफोर्समेंट मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं।

## 5आरएलवीडी कैमरे लगाए जा रहे

यातायात सिग्नलों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए एनएसजी रेड लाइट जंक्शन पर रेड लाइट उल्लंघन का पता लगाने वाले (आरएलवीडी) कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे लाल सिग्नल के दौरान स्टॉप लाइन पार करने वाली गाड़ियों का अपने आप पता लगा लेते हैं। उल्लंघन करने वालों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मुकदमा चलाया जाता है।

# लोनी में ढलाई की 17 फैक्टरियां और हुई सील

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लोनी में चल रही अवैध फैक्टरियों पर कार्रवाई की है। बुधवार को लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर नहर रोड स्थित गायत्री विहार में ढलाई करने वाली 17 फैक्टरियों को सील करते हुए विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं। नायब तहसीलदार रति गुप्ता ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चलाई जा रही ढलाई फैक्टरियों से निकलने वाला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा था। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए फैक्टरियों को सील कर बिजली के कनेक्शन काट दिए।

## जीडीए की कार्रवाई पर जताई नाराजगी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** जीडीए की ओर से पिछले दिनों लाजपत नगर व राजेंद्र नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि जीडीए ने बिना किसी सूचना में कार्रवाई की है और इससे काफी नुकसान हुआ है। लाजपत नगर निवासी भवन संख्या-ए-133 निवासी एमके त्यागी का आरोप है कि जीडीए ने कार्रवाई से पूर्व सूचना नहीं दी थी। कमरों से सामान भी निकालने नहीं दिया गया था। आरोप है कि जीडीए ने कुछ लोगों की शिकायत पर एकतरफा कार्रवाई की है। वहीं, इस मामले में जीडीए के मीडिया प्रभारी रुद्रेश शुक्ला का कहना है कि पूर्व में कई बार भवन स्वामियों को चेताया जा चुका है। नोटिस भी जारी किए गए लेकिन लोग नहीं मानें, सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी।

# आईजीएल गैस बिल अपडेट करने के नाम पर खाते से निकाले 3.85 लाख


**कौशांबी, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** वैशाली सेक्टर चार निवासी राजीव वर्मा की मां के दो बैंक खातों से साइबर ठगों ने 3.85 लाख रुपये निकाल लिए। ठगी आईजीएल गैस बिल अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजकर की गई। मामला छह मार्च का है, ऑनलाइन हुई शिकायत थाने तक पहुंचने में 24 दिन लग गए। 31 मार्च की रात पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।



पीड़ित राजीव वर्मा ने पुलिस को बताया कि छह मार्च को उनके व्हाट्सएप पर आईजीएल गैस बिल अपडेट कराने का मैसेज आया था। साथ ही एक एपीके फाइल भी ठगों ने उन्हें भेजी थी। जब उन्होंने एपीके फाइल पर क्लिक किया तभी उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। आरोपी ने बिल अपडेट करने के नाम पर उनकी मां के बैंक खातों की जानकारी ली। इसके बाद एक खाते से पहली बार में 1.49 लाख रुपये, दूसरी बार में 28,742 रुपये निकाल लिए। एक अन्य खाते से 2,07,310 रुपये निकाले। जब खाते से रुपये कटने का मैसेज उन्हें मिला तब साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही है। जिन खातों में रकम भेजी गई है, उन्हें फ्रीज करा दिया गया है। जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने-चौकियों के दो माह काटने पड़े चक्कर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के श्यामपार्क एक्सटेंशन स्थित इंडोफास्ट ईवी स्मार्ट बैटरी शोरूम से बैटरियां चोरी होने के मामला दर्ज करने में पुलिस ने दो माह लगा दिए। 25 जनवरी की देर रात वारदात हुई। कंपनी मालिक टीलामोड़ थानाक्षेत्र के अफजलपुर निवासी अमित कुमार ने शिकायत की थी। डायल 112 मौके पर भी पहुंची और तहरीर भी दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद 31 मार्च की रात साहिबाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की कर जांच शुरू की गई। पीड़ित अमित कुमार ने बताया कि वह एलेथिया इन्फोटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। श्यामपार्क एक्सटेंशन में उनका इंडोफास्ट ईवी स्मार्ट बैटरी नाम से शोरूम भी है। 25 जनवरी की देर रात शोरूम से कई ईवी बैटरी चोरी हो गईं। जब उन्हें चोरी का पता चला तो उन्होंने आसपास के इलाके में पूछताछ की लेकिन जानकारी नहीं मिली। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को भी बुलाया। पुलिसकर्मी पहुंचे और मौका मुआयना भी किया।




## सालासर-खाटू श्याम से लौट रहे परिवार की कार को कैंटर ने मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** राजस्थान के सालासर और खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दंपती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। एक घायल को दिल्ली रेफर किया गया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी संदीप कुमार के मुताबिक वह अपने जीजा रिंकू कुमार, बहन मंजू और उनकी सास रेखा देवी के साथ दर्शन करने गए थे।

## सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार न इलाज के दौरान तोड़ा दम

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के लोनी-भोपुरा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना निवासी सुनील कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा 28 मार्च को हुआ था और उसी दिन से घायल का इलाज चल रहा था। पीड़ित बेटे अंशु जांगिड़ की तहरीर पर पुलिस ने 31 मार्च की रात प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अंशु जांगिड़ ने बताया कि 28 मार्च की रात करीब 11 बजे उनके पिता सुनील कुमार निजी कार्य से गए थे। लोनी-भोपुरा मार्ग पर सड़क किनारे स्कूटी रोककर मोबाइल फोन पर बात करने लगे। उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

# फाइनेंस कंपनी में बंधक मकान को फर्जी दस्तावेज से बेचने का आरोप

» **लोनी, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र के सादाबाद डुगरावली निवासी कौशल देवी ने दंपति और निजी फाइनेंस कंपनी पर धोखाधड़ी कर 13 लाख रुपये हड़पने और फर्जी दस्तावेज से बंधक मकान बेचने का आरोप लगाया है। मामला वर्ष 2025 का है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एक अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। मामले में पुलिस ने लोनी के अगरौला निवासी पंकज और उसकी पत्नी मीना व दिल्ली करोल बाग स्थित वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेट लिमिटेड कंपनी को नामजद किया है।





पीड़िता कौशल देवी ने दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में वह एक मकान खरीदने की तलाश में थीं और यह बात जब पंकज व मीना को पता चली तो दोनों ने उनसे संपर्क किया। साथ रुपयों की जरूरत बताते हुए अपने पावी सादकपुर स्थित आवासीय मकान को उन्हें बेचने की बात कही। पावी का मकान पसंद आने पर 13 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और 50 हजार रुपये बतौर बयाना दे दिए।

तीन जून 2025 को मकान की रजिस्ट्री हो गई और तभी बकाया राशि का भुगतान भी कर दिया। इसके बाद 20 अगस्त को कुछ लोग उनके घर पहुंचे और मकान पर लोन होने व किस्तें न भरने की बात कही। साथ ही मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने पंकज व मीना से इस बारे में पूछा तो आरोपियों ने मोबाइल फोन पर बातचीत में उन्हें धमकी दी। साथ ही पंकज ने फोन पर बताया कि फाइनेंस कंपनी के लोगों से साठगांठ कर उन्होंने अपनी पत्नी मीना के नाम पहले मकान का दाननामा कराया और उसके बाद उसे बेच दिया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# हमें कभी भी खुद को सीमित नहीं समझना चाहिए : अक्षय कुमार



टीवी शो के एक ताजा एपिसोड में अभिनेता अक्षय कुमार ने एक कंटेस्टेंट को जीवन का अहम सबक देते हुए बताया कि जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं होता और हमें कभी भी खुद को सीमित नहीं समझना चाहिए। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट स्तुति ने अपनी सोच साझा करते हुए कहा कि उसे लगता है कि कुछ लोग उसकी 'लीग' से बाहर होते हैं। उसने बताया कि वह लंबे समय से शाहरुख खान को पसंद करती थीं और जब उनकी शादी गौरी खान से हुई, तो उनका दिल टूट गया। इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर शाहरुख नहीं तो आर्यन खान सही, लेकिन फिर उन्हें लगा कि आर्यन भी उनकी पहुंच से बाहर हैं।

कंटेस्टेंट की इस बात पर अक्षय कुमार ने उसे समझाते हुए कहा कि जिंदगी में किसी भी चीज को अपनी पहुंच से बाहर मान लेना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इंसान को हमेशा अपने सपनों पर विश्वास रखना चाहिए और अवसर मिलने पर उसे अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अक्षय ने अपनी निजी जिंदगी का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी शादी टिवंकल खन्ना से हुई है, जो दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना और अभिनेत्री डिंपल कपाडिया की बेटी हैं। उन्होंने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि जब वह छोटे थे, तब उनके माता-पिता उन्हें मुंबई के कार्टर रोड और बैंडस्टैंड घुमाने ले जाते थे, जहां वे दूर से राजेश खन्ना को देखा करते थे। उन्होंने बताया कि उस समय उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन वह उसी सुपरस्टार के दामाद बनेंगे। अक्षय ने कहा कि जिंदगी में कई ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते, लेकिन समय के साथ वे हकीकत बन जाती हैं। अभिनेता ने जोर देते हुए कहा कि किसी को भी यह सोचकर खुद को सीमित नहीं करना चाहिए कि कोई सपना या व्यक्ति उसकी पहुंच से बाहर है। उन्होंने अपने जीवन के इस अनुभव के जरिए यह साबित किया कि मेहनत, आत्मविश्वास और सही मौके के साथ कोई भी इंसान अपनी जिंदगी में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है।



# मिडलाइफ में खुद को अधिक सशक्त बना सकती है महिलाएं : लीसा रे

एक बार फिर सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री लीसा रे ने स्पष्ट किया कि मिडलाइफ को कमजोरी या ठहराव के दौर के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह जीवन का ऐसा चरण है, जहां महिलाएं खुद को और अधिक सशक्त बना सकती हैं। अभिनेत्री ने मिडलाइफ और महिलाओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर खुलकर अपने विचार साझा किए हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के साथ उन्होंने बताया कि यह वीडियो साल 2026 की शुरूआत में रिकॉर्ड किया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब वह मिडलाइफ महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े एक प्लेटफॉर्म से जुड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं उन्हें फॉलो कर रही हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि इस उम्र को लेकर सही सोच विकसित की जाए।

लीसा रे ने अपने पोस्ट में लिखा कि मिडलाइफ का मतलब धीमा पड़ना नहीं है, बल्कि यह समय आगे बढ़ने और खुद को बेहतर बनाने का होता है। उन्होंने कहा कि अक्सर महिलाएं यह सोचती हैं कि हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) लेना चाहिए या नहीं, लेकिन उनके अनुसार असली सवाल यह नहीं है। असली बात यह है कि इस नए जीवन चरण में खुद को स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मविश्वास से भरपूर कैसे रखा जाए। उन्होंने यह भी माना कि हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी कई मामलों में मददगार साबित हो सकती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है, लेकिन मिडलाइफ को सिर्फ दवाओं तक सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसे एक व्यापक प्रक्रिया बताया, जिसमें शरीर और मन दोनों की जिम्मेदारी खुद उठानी होती है।

लीसा ने महिलाओं को व्यावहारिक सुझाव देते हुए कहा कि इस उम्र में वेट ट्रेनिंग को अपनी दिनचर्या का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। इसके साथ ही पर्याप्त प्रोटीन और नींद को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। उन्होंने नर्वस सिस्टम की देखभाल पर भी जोर दिया और कहा कि यह काम नियमित रूप से होना चाहिए, न कि कभी-कभी। अभिनेत्री ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब वे अपनी सेहत का केवल ध्यान न रखें, बल्कि उसकी कमान अपने हाथ में लें। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे आराम, खुशी और अपनी ताकत के लिए किसी से माफी न मांगें और खुद को कमतर आंकने की बजाय आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। अपने संदेश के अंत में लीसा रे ने कहा कि मिडलाइफ किसी गिरावट की शुरूआत नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन के 'ऑपरेटिंग सिस्टम' को अपग्रेड करने का समय है।



# दूसरों को खुश करने में नहीं, खुद को पहचानने में है सफलता : कंगना

हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा किए गए अपने संदेश में भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने लोगों को दूसरों को प्रभावित करने की बजाय खुद को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने लिखा कि लोग किसी को इसलिए पसंद नहीं करते क्योंकि वह दयालु, सफल या उदार है, बल्कि इसलिए करते हैं क्योंकि वे खुद भी ऐसे गुण रखते हैं। उनके अनुसार, किसी को प्रभावित करने की कोशिश करना व्यर्थ है, क्योंकि सामने वाला तभी प्रभावित होगा जब वह खुद उस सोच का होगा। कंगना ने अपने संदेश में यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा दूसरों को खुश करने की कोशिश करता है, तो लोग उससे दूरी बनाने लगते हैं और कई बार नफरत भी करने लगते हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे अपना सही समूह चुनें और वहां रहने की कोशिश न करें जहां वे असहज महसूस करते हैं। उनका कहना है कि हर व्यक्ति को अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीना चाहिए। अभिनेत्री ने अपने करियर का उदाहरण देते हुए भी यह दिखाया है कि बिना किसी गॉडफादर के भी सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने दम पर पहचान बनाई और बाद में राजनीति में कदम रखते हुए संसद तक का सफर तय किया। कंगना उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने हर परिस्थिति में संघर्ष करते हुए अपनी जगह बनाई है। फिल्मी करियर के दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में फैले भाई-भतीजावाद यानी नेपोटिज्म के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई थी। उन्होंने कई निमार्ताओं और निर्देशकों पर आरोप लगाए कि वे केवल अपने करीबी लोगों को अवसर देते हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने करन जौहर समेत कई नामों को लेकर भी खुलकर बयान दिए थे, जिससे वह लंबे समय तक सुर्खियों में रहीं।

# वैभव को अभी शामिल करने की जल्दी न करें : अश्विन




**चेन्नई, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिस प्रकार आईपीएल के अपने पहले ही मैच में आक्रामक पारी खेली है। उसके बाद से ही कई दिग्गजों ने उसे राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग की है। वैभव ने पहले ही मैच में 15 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था। वहीं पिछले सत्र में वैभव ने 35 गेंद में शतक लगाकर अपनी पहचान बनायी थी। उसके बाद से ही वह नये नये रिकार्ड बनाते जा रहे है। इसके बाद भी अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि वैभव अभी बच्चा है और उसे इतनी जल्ली राष्ट्रीय टीम में लाने की कोई जरुरत नहीं है, इससे उसपर बेवजह दबाव ही पड़ेगा। अश्विन ने कहा कि वैभव को शामिल करने में जल्दबाजी की जरुरत नहीं है हालांकिवैभव को शामिल करने की मांग देश ही नहीं विदेश के दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों की तरफ से भी आई है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के अनुसार वैभव अब अगले चरण के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके हाथ में होता तो वह सूर्यवंशी को इस साल इंग्लैंड का दौरा करने जाने वाली भारतीय टीम में जरूर रखते। भले ही उन्हें हर मैच नहीं खिलाते लेकिन टूर पर जरूर ले जाते। कुछ मैच खिलाते। इसी तरह महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले और पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू भी इस पक्ष में हैं कि अगर वैभव सूर्यवंशी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उन्हें भारतीय टीम में लिया जाना चाहिये। वहीं अश्विन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से वैभव पर दबाव बनेगा, जिसकी अभी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'उसे इस तरह का बोझ मत दीजिए। वह अभी बड़ा नहीं हुआ है। वह अभी बच्चा है।

# चहल ने कॉनली की जमकर प्रशंसा की, आईपीएल की खोज साबित होंगे

» **मुम्बई, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपनी टीम पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कॉनली की जमकर प्रशंसा की है। कॉनली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले ही मैच में तेजी से अर्धशतक लगाकर सबका ध्यान खींचा है। चहल ने कहा कि युवा बल्लेबाज कॉनली इस सत्र की खोज साबित होंगे। कॉनली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब किंग्स की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

कॉनली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और अंत तक नाबाद रहे। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में 5 चौके और 5 छक्के लगाये। चहल ने इस युवा की तारीफ करते हुए कहा, 'वह अभी केवल 22 साल का है पर उसमें जीत का जुनून है। इच्छा है। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए अपने पहले ही मैच में जिस प्रकार से मैच विजेता पारी खेली उसकी जितनी सराहना की जाये कम है। उसके खेलने के तरीके से अंदाज होता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत है।'गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कॉनली एक छोड़ पर टिके रहे और लगातार रन बनाने रहे। चहल ने कहा, 'वह हालात के अनुसार बल्लेबाज करना जानता है। उसे पता था कि उसे ही अंत तक पारी को ले जाना होगा। इससे उसकी परिपक्वता का अंदाजा होता है। यह हमारी टीम के लिए एक अच्छा संकेत है।'

उन्होंने कहा, 'वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है मुझे लगता है कि वह इस सत्र की सबसे बड़ी खोज में से एक होगा।' पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे चहल ने इस मैच में अच्छी गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में गुजरात पर दबाव बनाए रखा और रन नहीं बनाने दिये। चहल ने गेंदबाजी में अपनी रणनीति के बारे में कहा, 'विकेट थोड़ा धीमा था, इसलिए हम अधिक गति से गेंद नहीं फेंकना चाहते थे। हमारी रणनीति यह थी कि अगर बल्लेबाज लंबे शॉट लगाते हैं, तो यह हमारे लिए अच्छा रहेगा।'



# इंडोनेशिया के मोलुक्का सागर में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप, सुनामी के साथ एक की मौत

» **जकार्ता, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

इंडोनेशिया के उत्तरी मोलुक्का सागर में गुरुवार को 7.6 तीव्रता के एक बेहद शक्तिशाली भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण न केवल कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं, बल्कि समुद्र में सुनामी की लहरें भी पैदा हो गई हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अब तक मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हो चुकी है। भूकंप का केंद्र फिलीपींस के तट से लगभग 580 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित था, जिसके झटके मलेशिया और ताइवान तक महसूस किए गए।



इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप के बाद तटीय क्षेत्रों में पांच अलग-अलग स्थानों पर सुनामी की लहरें देखी गईं, जिनमें सबसे ऊंची लहर उत्तरी सुलावेसी में 0.75 मीटर दर्ज की गई। मुख्य झटके के बाद 11 आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए, जिनमें सबसे तेज झटका 5.5 तीव्रता का था। अधिकारियों ने शुरुआत में लहरों के 3 मीटर तक ऊंचे उठने की आशंका जताई थी, जिसके कारण तटीय इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। मानाडो इलाके में एक खेल प्राधिकरण की इमारत का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झटके इतने तेज थे कि अलमारियों में रखा सामान गिर गया और कई क्षेत्रों की बिजली कट गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस भूकंप का असर देखा गया। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र ने शुरूआत में इंडोनेशिया, फिलीपींस और मलेशिया के लिए खतरनाक सुनामी का अलर्ट जारी किया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। जापान, ताइवान और पापुआ न्यू गिनी के तटों पर भी मामूली लहरें उठने का अंदेशा जताया गया है।

राष्ट्रीय आपदा एजेंसी फिलहाल घरों और चर्चों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इंडोनेशिया पैसिफिक रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण दुनिया का सबसे अधिक भूकंपीय सक्रिय क्षेत्र है, जहाँ टेक्टोनिक प्लेटों के टकराने से अक्सर ऐसे विनाशकारी झटके और सुनामी की स्थिति पैदा होती रहती है। फिलहाल प्रशासन ने लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में स्क्रूवर्म की वापसी को लेकर बढ़ी चिंता

**मेक्सिको, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** एक बार फिर अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर खतरनाक परजीवी न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म की वापसी को लेकर चिंता बढ गई है। मेक्सिको के तमाउलिपास और नुएवो लियोन राज्यों में इसके मामले सामने आए हैं, जिससे अमेरिका में अलर्ट बढ़ गया है। यह मक्खी मेक्सिको के रास्ते उत्तर की ओर बढ़ते हुए अब टेक्सास के करीब पहुंच चुकी है। यह परजीवी न केवल पशुओं बल्कि इंसानों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। स्क्रूवर्म का जीवनचक्र बेहद खौफनाक है। यह मक्खी गर्म खून वाले जीवों के खुले घावों या शरीर के छिद्रों में अंडे देती है। एक मादा मक्खी एक बार में 200 से 300 अंडे दे सकती है। इन अंडों से निकलने वाले लार्वा जीवित मांस को खाने लगते हैं, जिससे 'मयाइसिस' नामक गंभीर संक्रमण होता है। समय पर इलाज न मिलने पर यह संक्रमण जानलेवा साबित हो सकता है। 1935 में टेक्सास में आए प्रकोप के दौरान लाखों पशु और कई इंसान इसकी चपेट में आ चुके हैं।

### ईरान युद्ध में कूदने को तैयार हुआ यूएई, गोदाम से निकाल लिए हथियार

**अबू धाबी, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी भीषण युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र की भू-राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विश्वास जताया है कि यह युद्ध आगामी दो से तीन सप्ताह के भीतर समाप्त हो जाएगा। हालांकि, जमीनी हकीकत और बढ़ते तनाव को देखते हुए यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है। इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इस संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने और अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य कार्रवाई करने पर गंभीरता से विचार शुरू कर दिया है।



## चीन ने बनाया विशाल कार वाहक सुपर जहाज, समा जाएंगी 10,000 से ज्यादा गाड़ियां


### समुद्री व्यापार की दुनिया में गेम-चेंजर साबित होगा दोहरे ईंधन वाला यह पोत

**बीजिंग, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** चीन के क्वांगचो शिपयार्ड इंटरनेशनल ने एक कार वाहक जहाज बनाया है, जिसने दुनिया को हैरान कर दिया है। यह जहाज इतना विशाल है कि इसमें 10,000 से भी ज्यादा गाड़ियां एक साथ समा सकती हैं। इस विशालकाय जहाज ने अपने समुद्री परीक्षण की शुरूआत कर दी है। दक्षिण कोरिया की एचएमएम कंपनी के लिए बनाया गया यह जहाज समुद्री व्यापार की दुनिया में गेम-चेंजर साबित होने वाला है। यह दुनिया का पहला ऐसा दोहरे ईंधन वाला पोत है, जिसकी क्षमता पांच अंकों में पहुंच गई है। आधुनिक तकनीक और विशाल आकार के मेल ने इसे शिपिंग इंडस्ट्री का 'बाहुबली' बना दिया है। इस जहाज की लंबाई 230 मीटर और चौड़ाई 40 मीटर है। इसका स्ट्रक्चरल ड्राफ्ट 10.5 मीटर रखा गया है, ताकि गहरे समुद्र में यह पूरी स्थिरता के साथ चल सके। इस जहाज की रफ्तार 19 समुद्री मील यानी करीब 36 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह रफ्तार भारी भरकम माल की ढुलाई और समय की बचत के बीच एक बेहतरीन तालमेल पेश करती है। इसकी बनावट में सुरक्षा और गति दोनों का ध्यान रखा गया है।

# पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी की हालत गंभीर, घर पर हुई थी एयर स्ट्राइक

□ ईरानी मीडिया ने बताया कि बुधवार को तेहरान में खराजी के घर को निशाना बनाया गया था। 'शर्ग', 'एतेमाद' और 'हम मिहान' दैनिक के अनुसार, उनकी हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

» **तेहरान, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री और सुप्रीम लीडर के सलाहकार कमाल खराजी की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार एयर स्ट्राइक में उनकी पत्नी की मौत हो गई जबकि खराजी घायल हो गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर हमला हुआ। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईरानी मीडिया और स्थानीय रिपोर्ट्स में इसे एक 'हत्या की कोशिश' बताया गया है। खराजी ईरान की 'स्ट्रेटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल' के अध्यक्ष हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और इजरायल के हमले लगातार पांचवें हफ्ते भी ईरान पर जारी हैं। ईरानी मीडिया ने बताया कि बुधवार को तेहरान में खराजी के घर को निशाना बनाया गया था। 'शर्ग', 'एतेमाद' और 'हम मिहान' दैनिक के अनुसार, उनकी हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को भी तेहरान, इस्फहान और शिराज पर हवाई हमलों की जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। दक्षिण ईरान के लारेस्तान में चार लोगों के मारे जाने की खबर है। इस बीच, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कर दावा किया कि राजधानी स्थित 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला कर उसे तबाह कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपोर ने एक्स पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से इस 'आक्रामकता' की ओर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने इसे वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया।


उन्होंने लिखा, 'वैश्विक स्वास्थ्य के एक सदी पुराने स्तंभ 'ईरानी पाश्चर इंस्टीट्यूट' के खिलाफ की गई आक्रामकता, वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीधा हमला है। यह जिनेवा कन्वेंशन और आईएचएल के सिद्धांतों का उल्लंघन है।' उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून (आईएचएल) को टैग करते हुए कहा, 'हम डब्ल्यूएचओ, आईसीआरसी और वैश्विक स्वास्थ्य संस्थाओं से अपील करते हैं कि वे इस हमले की निंदा करें, नुकसान का आकलन करें और पुनर्निर्माण में सहायता करें।

## ऑस्ट्रेलिया में नियम तोड़ने वाले प्लेटफॉर्म्स की जांच शुरू

**कैनबरा, यूटर्न/ 02 अप्रैल।** 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ऑस्ट्रेलिया में लागू किए गए सोशल मीडिया प्रतिबंध के नियमों का पालन नहीं करने वाले पांच बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। दिसंबर में लागू किए गए इन नियमों के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे उनके प्लेटफॉर्म तक पहुंच न बना सकें। यदि कोई कंपनी इस दिशा में पर्याप्त कदम नहीं उठाती है, तो उस पर 4.95 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कुछ प्लेटफॉर्म उम्र सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं और बच्चों को आसानी से उम्र सीमा पार करने के विकल्प दे रहे हैं। साथ ही, उम्र-सीमित खातों की रिपोर्टिंग के लिए भी प्रभावी व्यवस्था नहीं दी गई है। सरकार ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देश की संचार मंत्री अनिका वेल्स ने कहा कि जो कंपनियां व्यवस्थित रूप से अपनी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रही हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ऑस्ट्रेलिया में कारोबार करने वाली सभी कंपनियों को स्थानीय कानूनों का पालन करना ही होगा। ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने भी संकेत दिए हैं कि अब यह नीति लागू करने के निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है और आने वाले समय में निगरानी और कड़ी की जाएगी। सरकार ने संबंधित प्लेटफॉर्म्स को संभावित उल्लंघनों के बारे में सूचित कर दिया है और जांच प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया : मैक्रों

» **टॉक्यों, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मैक्रों ने कहा, 'हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। श्री मैक्रों ने कहा, 'हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है। फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से पुनः प्रयोज्य रॉकेट (रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल) और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।

साथ ही पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों को स्थापित करने में भी सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि श्री मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर जापान पहुंचे थे।

## ईरान युद्ध के बीच नाटो पर भड़के ट्रंप, यूक्रेन की सैन्य मदद रोकने की दी धमकी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 02 अप्रैल।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच सहयोगी देशों के असहयोग से नाराज ट्रंप ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय देशों पर दबाव बनाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन को दी जाने वाली हथियारों की सप्लाई रोकने की योजना बना रहे हैं। बीते चार वर्षों से रूस के साथ युद्ध झेल रहा यूक्रेन अब ईरान संकट की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

दरअसल, ट्रंप की इस नाराजगी की मुख्य वजह स्टेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान ने इस प्रमुख जलमार्ग को बाधित कर दिया है, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। ट्रंप ने इस रास्ते को बलपूर्वक खुलवाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे प्रमुख नाटो देशों ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, इन देशों ने



अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की अनुमति देने से भी मना कर दिया है। पश्चिमी देशों को झुकने पर मजबूर करने के लिए ट्रंप अब यूक्रेन कार्ड खेल रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ट्रंप ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि नाटो देश स्टेट ऑफ होर्मुज में अमेरिका का साथ नहीं देते, तो वह यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता पर रोक लगा देंगे। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऐसा होता है, तो रूस के खिलाफ यूक्रेन की स्थिति बेहद कमजोर हो जाएगी। ट्रंप ने अपने हालिया बयानों में नाटो की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे एक पेपर टाइगर (कागजी शेर) करार देते हुए कहा कि वह इस संगठन से अमेरिका को अलग करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *